आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 05.11.2025
समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- चमोली में छठवें राज्य वित्त आयोग की बैठक हुई। जन प्रतिनिधियों ने विकास कार्यों के लिए सुझाव दिए।
- चम्पावत के जिलाधिकारी मनीष कुमार ने पाटी तहसील का निरीक्षण किया। व्यवस्थाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही पर दिया जोर।
- टिहरी जिले के देवप्रयाग विधानसभा क्षेत्र से चयनित मेधावी छात्र आगामी आठ नवंबर से गुजरात भ्रमण पर जाएंगे।
- कार्तिक पूर्णिमा पर हरिद्वार में उमड़ा आस्था का सैलाब। गंगा घाटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया।

## राज्य वित्त आयोग

छठवें राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष एन. रविशंकर की अध्यक्षता में चमोली जिला पंचायत सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष दौलत सिंह बिष्ट ने जिले की भौगोलिक परिस्थितियों और सामरिक महत्व को देखते हुए विकास कार्यों के लिए विशेष वित्तीय व्यवस्था पर जोर दिया। ग्राम प्रधानों की ओर से जिले की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए मनरेगा कार्यों में जीओ टैग की व्यवस्था में शिथिलता और आपदा के बाद क्षतिग्रस्त परिसंपतियों के पुनर्निर्माण के लिए शीघ्र वित्तीय व्यवस्था करने के सुझाव दिए। बैठक में आयोग के सदस्य पी.एस जंगपांगी ने कहा कि राज्य वित्त आयोग प्रतिवर्ष राज्य के वित्तीय संसाधनों का आंकलन कर नगर निकाय और पंचायतों के लिए बजट की स्वीकृति प्रदान करता है। इस स्वीकृति के बाद सरकार पंचायतों व निकायों के लिए धन का आवंटन करती है।

## तहसील निरीक्षण

चंपावत के जिलाधिकारी मनीष कुमार ने पाटी तहसील का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रशासनिक व्यवस्थाओं की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान, जिलाधिकारी ने अभिलेखों, उपस्थिति और अवकाश रजिस्टरों की गहनता से जांच की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी रिकॉर्ड सावधानी और पारदर्शिता के साथ अद्यतन रखे जाएं। उन्होंने कहा कि अभिलेखों का सुव्यवस्थित रखरखाव प्रशासनिक पारदर्शिता के लिए आवश्यक है, जिससे सरकारी कार्यों में जवाबदेही और दक्षता सुनिश्चित हो सके। जिलाधिकारी ने तहसील में स्थित आपदा नियंत्रण कक्ष का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आपातकालीन परिस्थितियों की संवेदनशीलता को देखते हुए अवकाश के दिनों में भी संबंधित कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने जनहित से जुड़े कार्यों में तेजी लाने और शासन की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किए जाने पर जोर दिया, ताकि अधिक से अधिक लोगों को उनका लाभ मिल सके।

## जीएसटी उत्सव

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 22 सितंबर को शुरू जीएसटी बचत उत्सव से देश भर के लोग लाभान्वित हो रहे हैं। कई क्षेत्रों में जीएसटी की दरों में कटौती किये जाने के बाद खाद्य पदार्थों के क्षेत्र में नई जीएसटी दरें नागरिकों के लिए मददगार साबित हो रही हैं। एक रिपोर्ट–

## कार्तिक पूर्णिमा

धर्मनगरी हरिद्वार में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर आज तड़के से ही हरकी पैड़ी सहित विभिन्न गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। दूर–दराज़ क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाकर पुण्य का अर्जन किया। गंगा तट पर हर–हर गंगे, जय मां गंगे के जयकारों से वातावरण आध्यात्मिक रंग में रंगा रहा। श्रद्धालुओं ने दीपदान कर परिवार की मंगल कामनाएं कीं और भगवान विष्णु तथा मां गंगा की पूजा–अर्चना की। पंडित जितेंद्र शास्त्री ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा स्नान का विशेष महत्व है।

कार्तिक पूर्णिमा स्नान के दृष्टिगत पुलिस–प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम किए हैं। संपूर्ण मेला क्षेत्र को 11 ज़ोन और 36 सेक्टर में बांटा गया है। जल पुलिस, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम के साथ ड्रोन से भी निगरानी की जा रही है। हर की पैड़ी क्षेत्र में अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और भीड़ नियंत्रण के लिए बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गई।

## गुरुनानक जयंती

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुनानक जयंती और कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर आज गुरुद्वारा श्री गुरूसिंह सभा रेसकोर्स, देहरादून में मत्था टेका। उन्होंने प्रदेशवासियों व विशेष रूप से सिख समुदाय को शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि  श्री गुरु नानक देव जी ने समाज की बुराइयों को दूर करने के लिए अपने उपदेशों और शिक्षा के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। उनका जीवन हमें समाज में भाईचारा, सद्‌भाव एवं आपसी एकता को बढावा देने की प्रेरणा देता है।

## छात्र गुजरात भ्रमण

टिहरी जिले के देवप्रयाग विधानसभा क्षेत्र से चयनित मेधावी छात्र आगामी आठ नवंबर से गुजरात भ्रमण पर जाएंगे। इस शैक्षिक यात्रा की पहल विधायक विनोद कण्डारी ने की है। श्री कण्डारी ने बताया कि इस शैक्षिक भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को देश की संस्कृति, विकास मॉडल और औद्योगिक प्रगति से अवगत कराना है। इस यात्रा में देवप्रयाग क्षेत्र के लगभग 85 छात्र शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि यह पहल युवाओं में नए विचार और आत्मविश्वास जगाने का प्रयास है।

इस यात्रा के लिए सभी छात्रों का चयन शैक्षणिक योग्यता और सह–पाठ्यक्रमिक गतिविधियों के आधार पर किया गया है। अभिभावकों ने विधायक की इस पहल की सराहना की है।

## लखपति दीदी सम्मानित

राज्य स्थापना की रजत जयंती के उपलक्ष्य में ब्लॉक सभागार पौड़ी में लखपती दीदी योजना के तहत आजीविका बेहतर ढंग से चलाने वाली समूह की महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिव शक्ति समूह से जुड़ी महिला अनिता शर्मा ने बताया कि एनआरएलएम की मदद से उन्होंने अचार और मशरूम का कार्य शुरू किया और आज वे सालाना एक लाख की आजीविका आसानी से कमा रही है। इसी तरह मधु देवी ने भी अपनी सफलता की कहानी साझा की। उन्होंने कहा कि बैंक संबधी कार्य का प्रशिक्षण लेने के बाद वे एनआरएलएम में बैंक सखी बनी और आज जन धन खाते खोलने के साथ सीसीएल और ग्रामोत्थान परियोजना की मदद से उन्होंने खुद का सीएससी सेंटर भी खोला है, जिससे उनकी आजीविका बढ़ी है। सहायक खंड विकास अधिकारी दिनेश सिंह और धनपाल सिंह ने महिलाओं को सम्मानित करते हुए चैक वितरित किए।